Website:www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष-28 अंक 196 जगदलपुर, रविवार, 03 मई 2026 पृष्ठ- 8 मूल्य- ₹ 2.50 • जगदलपुर • रायपुर • बिलासपुर से प्रकाशित

## ब्रेकिंग न्यूज

### ड्राइवर को हार्ट अटैक होने से पलटी बस, चंबा से ऊना जा रही थी गाड़ी




नूरपुर (कांगड़ा, 03 मई (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा में आज सुबह एक निजी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि बस चंबा से ऊना रूट पर जा रही थी। देवीदर्शन नामक निजी बस सवारियों से पूरी तरह से भरी हुई थी। नूरपुर के न्याजपुर में बस ड्राइवर को हर्ट अटैक हो गया, इस कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि बस का टायर फटा था। स्थानीय लोगों ने तुरंत बस में सवार लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घायलों को सिविल अस्पताल नूरपुर में उपचार दिया जा रहा है। बस में अधिकतर सवारियां जिला चंबा की बताई जा रही हैं। चंबा से बस सुबह साढ़े छह बजे ऊना के लिए निकली थी और 11 बजे के करीब नूरपुर में पहुंचने पर यह हादसा हो गया। बस में 40 के करीब यात्री सवार थे, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है चार लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया है।

### मौसम का मिजाज बदला, अंधड़ के साथ बारिश की संभावना

रायपुर, 03 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को दिनभर की तपिश के बाद रात में तेज अंधड़ चली और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की संभावना है। वर्तमान में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक सभी संभागों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। विशेष रूप से 4 और 5 मई को मौसम की गतिविधियों में तेजी आने के आसार हैं। पूर्वोत्तर मध्यप्रदेश से लेकर मणिपुर तक बनी एक द्रोणिका के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। राजधानी रायपुर में रविवार को आसमान में बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। विभाग ने एक-दो स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट भी जारी किया है। रायपुर में आज अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

### डिप्टी सीएम ने पश्चिम बंगाल में कमल खिलने का किया दावा

रायपुर, 03 मई (हाईवे चैनल)। बंगाल चुनाव परिणाम को लेकर सियासी गलियारों में आज हलचल तेज है। इस बीच डिप्टी सीएम अरुण साव ने पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजों को लेकर बड़ा दावा किया है। साव ने दो टूक शब्दों में कहा है कि 4 मई को जब नतीजे आएंगे, तो ममता बनर्जी का किला ढह चुका होगा।डिप्टी सीएम अरुण साव ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पूरा देश 4 मई की प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, बंगाल की जनता ने इस बार घुसपैठियों का साथ देने वाली ममता सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि साव ने फीडबैक के आधार पर दावा किया है कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता का रुझान भाजपा की तरफ साफ दिख रहा है और 4 मई को टीएमसी के साथ खेला होने वाला है। साव सिर्फ बंगाल तक ही नहीं रुके, उन्होंने अन्य चुनावी राज्यों पर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि असम और पांडिचेरी में भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने और बनाने में सफल होगी। साव के मुताबिक, इन 5 राज्यों के परिणाम देश की राजनीति की दिशा बदल देंगे। रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता अब तुष्टिकरण की राजनीति से ऊब चुकी है और विकास चाहती है।



## शहादत को सलाम

# आईईडी ब्लास्ट में शहीद 4 जवानों को दी गई आखिरी सलामी

## परिजनों और ग्रामीणों की आंखों से छलके आंसू



कांकेर, 03 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के 4 जवान शहीद हो गए। डीआरजी की टीम जब छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी, तभी यह हादसा हुआ। आज उन चार शहीद जवानों को नारायणपुर पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई।

बता दें कि शनिवार को डीआरजी की टीम छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इस दौरान जवानों को नक्सलियों द्वारा प्लांटेट आईईडी मिला था, जिसे बाहर निकालकर निष्क्रीय किया जा रहा था। तभी आईईडी विस्फोट हो गया। आईईडी की चपेट में आकर 3 जवान इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले घटनास्थल पे शहीद हो गए। वहीं 1 घायल जवान कॉन्स्टेबल परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट कर रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित अस्पताल में लाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी।



### पार्थिव शरीर भेजे गए गृहग्राम

कांकेर व नारायणपुर बॉर्डर में शनिवार को आईईडी ब्लास्ट में 1 निरीक्षक सहित डीआरजी के चार जवान बलिदान हो गए थे। आज सुबह नारायणपुर में इन बहादुर जवानों को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। बलिदानी जवानों पार्थिव शरीर गृहग्राम के लिए रवाना किए गए। पुलिस के आला अधिकारियों ने बलिदानी जवानों के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को गृहग्राम में अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया गया। इस दौरान एडीजी नक्सल ऑपरेशन के साथ ही बस्तर आईजी ने भी मौजूद थे। दरअसल, शनिवार की सुबह कांकेर व नारायणपुर की दोपहर को मरकाबेड़ा में नक्सलियों के द्वारा रखे गए आईईडी को निकालने के दौरान अचानक से ब्लास्ट हो गया। इस घटना में चार जवान बलिदान हो गए थे। आज सुबह इन बहादुर जवानों को नारायणपुर में अंतिम सलामी दी। इस दौरान एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी के अलावा पुलिस अधीक्षक कांकेर, नारायणपुर व वरिष्ठ आला अधिकारी मौजूद थे।

***शहीद जवानों को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब***

आज शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को नारायणपुर पुलिस लाइन में लाया गया, जहां तिरंगे में लिपटे शहीद जवानों को अंतिम विदाई देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभी शहीदों को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। वहीं पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

***पूरे क्षेत्र में शोक की लहर***

इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर से बस्तर में नक्सल चुनौती को उजागर किया है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है, लेकिन वीर सपूतों इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले और परमानंद कोर्रम की शहादत ने हर दिल में देशभक्ति और सम्मान की भावना को और मजबूत कर दिया है।

# खाद के नाम पर किसानों को ठगने का नया धंधा

## संदिग्ध एजेंट रजिस्ट्रेशन के नाम पर वसूल रहे हैं रुपए

बिलासपुर, 03 मई (हाईवे चैनल)। प्रदेश में खाद की किल्लत का फायदा उठाने वाले कई लोग सक्रिय हो गए हैं। ऐसे लोग बाकायदा रसीद काट कर पंजीयन के नाम पर किसानों से रुपए वसूल रहे हैं। जब कुछ किसानों ने इनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाया तब ये मौका पाकर निकल भागे।

बिलासपुर जिले के मस्तूरी क्षेत्र में किसानों को निशाना बनाकर ठगी का एक नया और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रमसा बायोटेक नामक कंपनी के नाम पर कुछ संदिग्ध एजेंट किसानों से 1500 रुपए की अवैध वसूली कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ये लोग बाकायदा रसीद भी दे रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को शुरुआत में यह प्रक्रिया वैध प्रतीत होती है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब एक जागरूक किसान को इस वसूली पर संदेह हुआ। किसान ने एजेंटों से कंपनी का पूरा विवरण और रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन सवाल पूछे जाने पर बाइक सवार दोनों एजेंट मौके से फरार हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दो




युवक रामसा बायोटेक लिखी पर्ची के साथ नजर आ रहे हैं और रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे की मांग करते हैं, जब वह फंस जाते है तो कंपनी का प्रचार करने का हवाला देते है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की ठगी सामने आई हो। पिछले वर्ष भी इसी तरह कुछ लोग क्षेत्र में घूम-घूमकर किसानों से सीधे कंपनी से खाद दिलाने का झांसा देकर पैसे वसूल कर फरार हो गए थे।

# जशपुर के चंदागढ़ में अचानक उतरा सीएम का हेलीकॉप्टर

## सुशासन तिहार में सरप्राइज चेकिंग से मचा हड़कंप

रायपुर, 03 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत सीएम आज सबसे पहले जशपुर जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चंदागढ़ पहुंचे। जैसे ही पत्थलगांव विकासखंड के इस छोटे से गांव में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लैंड हुआ, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

***गांव में जैसे ही उतरा हेलीकॉप्टर, उमड़ पड़ी भीड़***

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अचानक चंदागढ़ पहुंचने की खबर जैसे ही फैली, ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाओं और बुजुर्गों ने परंपरागत तरीके से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सीएम साय ने भी सुरक्षा घेरा तोड़कर लोगों से हाथ मिलाया और बच्चों को दुलार किया।

***सुबोध सिंह और रजत बंसल के साथ जमीनी पड़ताल***

मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह और विशेष सचिव रजत बंसल भी चंदागढ़ पहुंचे हैं। राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन और महतारी वंदन योजना का पैसा महिलाओं के



खाते में आ रहा है या नहीं, इसकी बारीकी से जांच की जा रही है। सीएम साय के इस औचक निरीक्षण ने पत्थलगांव और जशपुर के प्रशासनिक अमले में खलबली मचा दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि 'सुशासन तिहार' केवल कागजों पर नहीं चलेगा। सीएम सीधे हितग्राहियों के घर जाकर योजनाओं का हाल पूछ रहे हैं। स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। ग्रामीणों ने पानी और सड़क से जुड़ी कुछ स्थानीय समस्याएं भी सीएम के सामने रखीं।

***10 जून तक जारी रहेगा तक चलेगा तिहार***

बता दें कि 1 मई से शुरू हुआ यह सुशासन तिहार 10 जून तक चलेगा। चंदागढ़ से शुरू हुआ यह औचक निरीक्षण का सिलसिला आने वाले दिनों में प्रदेश के अन्य जिलों में भी दिखेगा। सीएम साय ने पहले ही साफ कर दिया है कि काम में लापरवाही बरतने वाले अफसरों की अब खैर नहीं है।

# भीषण आग में 9 लोगों की जिंदा जलकर मौत धुएं में घिरी बिल्डिंग, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

## दमकल की टीम ने 15 लोगों को बचाया

नई दिल्ली, 03 मई (एजेंसी)। दिल्ली में शाहदरा के विवेक विहार इलाके में जहां रोज चहल-पहल रहती थी, आज वहां मातम पसरा हुआ है। इलाके में रहने वाले लोगों को दिन निकलते ही एक ऐसी खबर मिली, जिससे उनकी रूह कांप उठी।

इसके बाद लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और मौके पर पहुंचकर पता चला कि बिल्डिंग में आग लग गई है, जिसकी चपेट में आकर नौ लोगों की मौत हो गई है। यह सुनते ही लोगों को धक्का लगा और हर कोई सहम गया। हालांकि, दमकल की टीम ने करीब 15 लोगों को बचाया भी है।

विवेक विहार इलाके में शनिवार रात चार मंजिला मकान के तीसरे फ्लोर पर एसी में शॉर्ट-सर्किट होने से भीषण आग लग गई। कुछ लोग जान बचाने के लिए ऊपर छत की तरफ भागे लेकिन, ऊपर का दरवाजा लॉक था। जिस वजह से लोग वहीं फंस गए और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।वहीं, 15 लोगों को दमकल ने सुरक्षित बाहर निकाला। इनमें दो लोगों को चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग और पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि तीसरी मंजिल पर एसी में शॉर्ट-सर्किट होने




की वजह से आग लगी है। इससे पहले भी दिल्ली में एसी में शॉर्ट-सर्किट होने कई मकानों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं।

***एक झटके में उजड़ गए परिवार***

विवेक विहार के कई परिवारों के लिए आज की सुबह काला दिन बनकर आई। जो परिवार कल तक खुशियों से भरे हुए थे, आज एक झटके में दो परिवार उजड़ गए। वहीं, तीसरे परिवार की एक महिला की भी आग की चपेट में आने से मौत हो गई है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने बताया कि 3.48 बजे दिल्ली पुलिस को सूचना मिली कि विवेक विहार बी ब्लाक चार मंजिला मकान में आग लगी है। दमकल व पुलिस टीमें मौके पर पहुंची। राहत और बचाव अभियान के दौरान इमारत से करीब 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

वहीं, मौके पर दमकल की गाड़ियां, डीडीएमए स्टाफ, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की टीमें मौजूद रहीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। नौ लोगों की मौत हुई है।

### रायपुर में कोरियर से कोकीन भेजने वाले नाइजीरियन सिंडिकेट के दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर,03 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में कोरियर के जरिए कोकीन सप्लाई करने वाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में रायपुर पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाइजीरियन नागरिक भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों में तिलक नगर, दिल्ली निवासी सन्नी शर्मा और नाइजीरिया निवासी तोचकू अफामे उर्फ प्रिंस चार्ल्स शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 9.70 लाख रुपए नकद, 5 आईफोन, 3 चेकबुक सहित करीब 11 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह नाइजीरिया से संचालित होकर देश के विभिन्न राज्यों में कोकीन की सप्लाई कर रहा था। कार्रवाई पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं साइबर स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त मध्य क्षेत्र उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और देवेंद्र नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की। मामले का खुलासा 19 मार्च 2026 को तब हुआ, जब देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में नारायणा हॉस्पिटल के पास कृष्ण गोपाल अग्रवाल को 4.55 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से 2.27 लाख रुपए की कोकीन, एक चारपहिया वाहन और आईफोन जब्त किया गया था। पूछताछ में सामने आया कि ड्रग्स की सप्लाई एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के जरिए हो रही थी, जिसका संचालन दिल्ली से किया जा रहा था।